# दीनदयाल उपाध्यय की जयंती मनाई, बूथ सशक्तिकरण का संकल्प लिया

**जालोर**, (कासं)। जालोर में भाजपा के सेवा पखवाडा अभियान के अंतर्गत चल रहे बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंति मनाई और बूथ सशक्तिकरण का आव्हान किया गया। रविवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के आहोर मंडल के कांबा, भाद्राजून मंडल के रायथल एवं बागरा मंडल के भैसवाडा में बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया और उनके जीवन वृतांत को याद किया गया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। और बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं से बूथ मजबूतिकरण के कार्य को गति प्रदान करने की बात कही गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की प्रभावशाली व्यक्तित्व, प्रखर चितंक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर अपने प्रखर विचारों एवं व्यायापक चिंतन से आने वाले समय में राजनीति ही नहीं वरन राष्ट्र नीति की भी नई परिभाषा दी। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कार्यकर्ताओं से संवाद में बूथ सशक्तिकरण का आ ान किया, उन्होने बताया की वर्तमान की स्थिति के परिपेक्ष में हमें पूर्ण क्षमता से निरंतर कार्य करने की आवश्यक्ता हैं, जिससे राष्ट्र नवनिर्माण के कार्य को और गति प्रदान की जा सके।



जालोर में भाजपा के बूथ कमलोत्सव पर बैठक का आयोजन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला महामंत्री हरिश राणावत, भाजपा वरिष्ठ नेता शंशी कंवर भैसवाडा, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी, जितेन्द्र सरगरा, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, विधानसभा प्रभारी बिशनसिंह सोलंकी, भीनमाल विधानसभा विस्तारक प्रभारी देवाराम सुथार, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव सहित कई भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर शहर मंडल के सभी बूथों में बूथ कमलोत्सव व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि नगर मंडल में बूथ कमलोत्सव कार्य म का आयोजन सभी बूथों में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली, विधायक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतडा, नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी भाजयुमो, जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिसोदिया उपसभापति, अंबालाल व्यास, पार्षद राजेंद्र टाक, महेश भट्ट, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी का आतिथ्य रहा। वही अध्यक्षता अलग-अलग बूथों में रामलाल माली भवरसिंह मोहनलाल सुंदेशा अशोक गुर्जर गजेन्द्रसिंह सहित सभी बूथ अध्यक्ष गणों ने की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता मां पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात का लाइव प्रसारण भी किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम के बारे में अपनी बात रखी। विधायक जोगेश्वर गर्ग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।

पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतडा ने कहा कि संगठन में आए दिन नए-नए कार्य म करने को मिलते हैं जिन कार्य मों में हमारे दिलों में सेवा का भाव जागृत होता है। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने भी अपने विचार प्रकट किये। सभी अतिथियों ने पार्टी संगठन की गतिविधियों के बारे में उद्बोधन दिया। संचालन नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने किया।

रानीवाड़ा विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने रानीवाडा मंडल के शक्ति केन्द्र आर-151 के बूथ संख्या 162 से लेकर 168 तक रानीवाडा कलां बूथ पर जाकर दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर श्रृद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, महिला मोर्चा जिलामंत्री डॉ॰ शीला विश्नोई, वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश खण्डेलवाल, रानीवाडा मंडल अध्यक्ष रिडमल सिंह डाभी, करडा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम मांजू, बडगांव मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल पुरोहित, मंडल महामंत्री गोविन्द रावल, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष तगाराम जीनगर सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौपूजन व गायत्री यज्ञ किया


जालोर के शांतिनाथ गौशाला में गौवंश को लम्पी स्किन बीमारी से राहत दिलाने को लेकर गौ पूजन व यज्ञ का आयोजन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के आदर्श गोशाला परिसर में गौमाता में व्याप्त लम्पी स्किन बीमारी को समाप्त करने की कामना को लेकर रविवार को गोधाम पथमेडा की ओर से गौ सेवा समिति व गायत्री परिवार की विदुषी माता बहिनों द्वारा यज्ञ व गौपूजन का आयोजन किया गया।

गौ सेवा समिति की ओर से लम्पी स्किन बीमारी से ग्रस्त गौवंश को राहत दिलाने को लेकर जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड़ स्थित शांतिनाथ गौशाला में गौ पूजन व यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें जालोर के एडीएम राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सपत्नीक यज्ञ के मुख्य यजमान बने। गायो के ग्वाला केसाजी व मंगनाराम भी यजमान के रूप में यज्ञ में विराजे। पूरे आयोजन ने गौ भक्त माताओं बहनों व भाइयों की उपस्थिति के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव, जिला परिषद सदस्य हरीश राणावत, पार्षद दिनेश बारोट गोधाम पथमेडा से आये संत दिनदयाल महाराज, पदमाजी, मोहन परमार, जगदीश अग्रवाल, हरि गुप्ता, पीरा राम सोनी, अभिषेक सोलंकी, सुरेश सोलंकी, जीतू सोनी आदि कार्यकर्ता व सम्मानित गोभक्त उपस्थित रहे। वही बीमार गोवंश का इलाज भी किया गया। गौ सेवा समिति की मीडिया प्रभारी ममता माली ने बताया कि पथमेडा गौधाम से जालोर पहुंचे गौ सेवा रथ द्वारा बीमारी से ग्रस्त गौवंश को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। तथा आमजन भी गौंवश को बचाने के लिए आगे आने का आव्हान किया।

## बाप में कमलोत्सव मनाया

बाप, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर होने वाले बूथ कमलोत्सव के तहत बाप कस्बे में रविवार को बूथ संख्या 63 व 64 पर कमल का चिन्ह की रंगोली बनाकर मनाया गया। जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन भैया, दामोदर मेहता, ओम राठी, मोहनलाल, महेश पालीवाल, महेंद्र खत्री, विजय कुमावत, हडमान दर्जी, रवि कुमार पालीवाल आदि कई भाजपाई उपस्थित रहे।

## अवामी आमजन पार्टी भंग की

**जालोर**, (कासं)। अवामी आमजन पार्टी के समस्त राष्ट्रीय स्तरीय कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक रविवार को जालोर स्थित न्यू आदर्श नगर कार्यालय में हुई। जिसमें अवामी आमजन पार्टी को भंग करने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया।

अवामी आमजन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव उम्मेदसिंह ने बताया कि बैठक में पार्टी के राजनैतिक गतिविधियों व आर्थिक स्थिति पर वृद्व चर्चा हुई। पार्टी समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो ने पार्टी की कमजार, अर्थिक स्थिति व घटते जनआधार व आपेक्षित परिणाम नही मिलने पर घोर चिन्ता व्यक्त की और पार्टी का भविष्य कठिन परिस्थितियों से दो – चार बताया। जिस पर समस्त पक्षाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को समुचित फैसला लेने के लिए सक्षम बताया। जिस पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने पार्टी की राजनैतिक व आर्थिक कमजोर स्थिति को देखते हुए पार्टी को भंग करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो ने एक स्वर से ध्वनिमत से पार्टी को भंग करने के प्रस्ताव पर सहमति दी। जिससे अवामी अवामी आमजन पार्टी आज 25 सितम्बर से भंग हो गई है। जिसकी सूचना भारत निर्वाचन आयोग को नियमानुसार भेजी जायेगी। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जालोर में दोनों व्यापारिक संगठनों का विवाद सुलझा


जालोर के वीरमदेव चौक में व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर में व्यापारिक संगठन को लेकर पिछले कुछ दिनो से विवाद गहरा गया था। दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन व व्यापार मंडल जालोर दो अलग संगठनो के बीच विवाद बढ़ने पर शनिवार करीब रात्रि नौ बजे वीरमदेव चौक जालोर में आम व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन व्यापार मंडल जालोर के तत्वावधान में चुनाव करवाने की घोषणा की गई। जिसके साथ ही दोनों संगठन एक होने के साथ मौजूद व्यापारियों ने संगठित होकर कार्य करने का आव्हान किया।

जालोर में व्यापारिक संगठन को लेकर मामला गर्माने पर गत दिनो बैठक आयोजित हुई। जिसमें दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन संगठन को तव्वजो नही देते हुए व्यापार मंडल जालोर के बैनर तले चुनाव करवाने की घोषणा की हुई थी। जिसके बाद विवाद बढ़ता गया। तथा रविवार को दूबारा वीरमदेव चौक में जालोर शहर के आम व्यापारियों की बैठक शनिवार रात्रि नौ बजे रखी गई। लेकिन संख्या बल गत बैठक की तुलना में कम नजर आई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन व व्यापार मंडल दोनो संगठन एक ही है। तथा दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन व्यापार मंडल जालोर के तत्वावधान में 6 नवम्बर को चुनाव करवाने की घोषणा की गई। वही व्यापारियों को 10 अक्टूबर तक सदस्य बनाने का आव्हान किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यापारियों के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के चुनाव करवाये जायेगे। शेष कार्यकारिणी का चयन निर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य तय करेगे। वही बैठक में व्यापारियों ने निर्णय लिया कि अध्यक्ष पद पर जीता हुआ व्यक्ति दूसरी बार चुनाव नही लडेगा तथा निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष तक रहेगा। वही बैठक में मर्चेण्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व लोकतंत्र सेनानी स्व. चम्पालाल मुणोत के द्वारा व्यापारियों के लिए किये गये संघर्ष को भी याद किया गया। व्यापारियों से आव्हान किया कि व्यापारी एक जुट होकर चुनाव कर कार्यकारिणी का निर्वाचन करे। वहीं चुनाव में केवल मात्र व्यापारी ही भाग लेगें। बैठक में जालोर शहर के काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## शमशुदीन शाह का उर्स मनाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के जाबलीपुर पुराना जालोर स्थित हजरत शमशुदीन शाह का सालाना उर्स रविवार को शानो शौकत के साथ मनाया गया।

दरगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव जाकिर अली अंसारी ने बताया कि पुराना जालोर के परा पहाडी स्थित हजरत शमशुदीन शाह के उर्स को लेकर रविवार को प्रात: 9 बजे दरगाह हजरत शहीद गैबनशाह गाजी से चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस में मंलगो ने कई हैरत अंगेज करतब दिखाये। वही गाजो बाजो के साथ अकीदत से मोमिनो ने चादर जुलूस में शिरकत की। जुलूस परा पहाड़ी स्थित दरगाह हजरत शमशुदीन शाह पहुंचकर चादर की रस्म अदा की गई। वहां मोमिनो ने अकीदत के फूल पेश कर अपनी हाजरी दी। साथ ही कुरान ख्वानी का भी कार्यक्रम हुआ। वही दोपहर 1 बजे मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जामा मस्जिद रेणनगर नागौर शरीफ के मौलाना गुलाम रसूल अश्फाकी ने नूरानी तकरीर पेश की। उन्होने दीन पर चलने के साथ दुनिया जानकारी रखने की बात कही। इससे पूर्व नातख्वा गांधी धाम कच्छ गुजरात के मौलाना अब्दुल हफीज ने नूरानी आवाज में नातिया कलाम से मोमिनो झुमने पर मजबूर कर दिया। वही सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लंगर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें काफी संख्या में मोमिनो ने लंगर में भोजन ग्रहण किया। उर्स में जालोर शहर सहित आस पास के गांवो के काफी जायरिनो ने शिरकत की।

इंतजामिया कमेटी के सदर जहुर मोहम्मद लौहार, नायब सदर मकसूद अली , सचिव जाकिर अली अंसारी, कोषाध्यक्ष सलीम खान लाहौर आदि व्यवस्थाओं में जुटे नजर आये।

# जालोर से मुम्बई के लिए नई ट्रेन शुरू


नई ट्रेन दादर-भगत की कोठी एक्सप्रेस को सांसद देवजी एम पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। नई ट्रेन दादर- भगत की कोठी एक्सप्रेस को सांसद देवजी एम पटेल ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समदड़ी-भीलड़ी रेल खंड पर नई ट्रेन दादर- भगत की कोठी एक्सप्रेस (14807/08) को रविवार को सांसद पटेल ने दादर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रेवाना किया।

गौरतलब है कि सांसद पटेल ने पिछले दिनों में नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर प्रवासी राजस्थानियों के आवागमन की सुविधा हेतु समदड़ी-भीलड़ी रेल खण्ड पर नई यात्री गाड़ी शुरू करने की मांग की थी। सांसद पटेल की मांग पर रेल मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 25 सितम्बर को सांसद देवजी पटेल के 46वें जन्मदिन पर भगत की कोठी-दादर वेस्टर्न एक्सप्रेस (14807/08) नई ट्रेन की शुरूआत करने की सैद्धांतिक स्वीकृति जारी कर शुभारंभ किया गया।

यह ट्रेन भगत की कोठी-दादर वेस्टर्न एक्सप्रेस (14807/08) जो भगत की कोठी से रविवार, मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी तथा वापसी में दादर वेस्टर्न से सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को समदड़ी-भीलड़ी रेल खंड पर चलेंगी। उक्त ट्रेन का ठहराव समदड़ी, जालोर, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धानेरा, भीलड़ी, पाटन, मेहसाणा, साबरमती, अहमदाबाद, वडोदरा, भरूच, सुरत, वापी और बोरेवली स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। उक्त एक्सप्रेस ट्रेन में 18 कोच होगे।

देवजी एम.पटेल, सांसद, जालोर-सिरोही के अनुसार समदड़ी-भीलड़ी रेल खंड पर दादर- भगत की कोठी एक्सप्रेस (14807/08) नई ट्रेन का आज शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का तहदिल से धन्यवाद एवं आभार करता हू कि उन्होंने आज मेर जन्मदिन पर यह बड़ी सौगात दी।

## सेठ के स्वर्ण पुरस्कार से खुशी

**जालोर**, (कासं) वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एवम आइस्कोन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भंवर सेठ को वरिष्ठ नागरिकों की श्रेष्ठ सेवाओं के लिए अखिल भारतीय स्तर पर हेल्पेज इंडिया द्वारा स्वर्ण पुरस्कार दिया जाएगा।

- **नई दिल्ली स्थित सीडी देशमुख ऑडिटोरियम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा**

जालोर सीनियर सिटीजन के मानद प्रबंधक ऋषि कुमार दवे ने बताया कि यह पुरस्कार अंतर्राष्टीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 1 अक्टूबर के अवसर पर 30 सितंबर को नई दिल्ली स्थित सी डी देशमुख ऑडिटोरियम इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

सेवानिवृत्ति अधीक्षण अभियंता भवरलाल सुथार ने बताया कि सेठ पिछले लंबे समय से वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उनकी चिकित्सा, उनकी सुरक्षा एवम सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर प्रयासरत रहते रहे है और निरंतर सक्रिय है। सेठ इस क्षेत्र में जागृति लाने के लिए देश व्यापी अपनी पहचान बनाने में सफल हुए है, सीनियर सिटीजन के सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी ललित कुमार दवे ने बताया कि श्री भवर सेठ मुख्य रूप से करोना के समय इनके माध्यम से प्रदत सुविधाएं और वरिष्ठ नागरिकों को अपने अधिकारों के लिए सचेत करने में महती भूमिका रही है।

सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी एवं साहित्यकार पुरुषोत्तम पोमल ने बताया कि इस पुरस्कार हेतु देशभर से पांच वरिष्ठ नागरिकों का चयन किया गया है उनमें से एक श्री सेठ राजस्थान से हैं। सेठ के इस पुरस्कार के लिए जालौर सीनियर सिटीजन मंच के विभिन्न पदाधिकारियों में प्रसन्नता की लहर है। सभी ने हेल्पेज इंडिया को धन्यवाद के साथ कहा की यह हम सब के लिए गौरव की बात है वहीं सेठ को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## भाजपाई गौशाला में पहुंचे

**रेवदर**, (निसं)। जालौर सिरोही से सांसद देवजी भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा अनादरा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली एवं भाजपा युवा नेता दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में लूणोल गौशाला में गायों को लंपी वायरस से बचाव एवं इलाज हेतु औषधीय गुण के लड्डू खिला सेवा कार्य कर सांसद देवजी भाई पटेल की दीर्घायु की कामना की।

- **गौशाला में सेवा कार्य करने हेतु कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया**


कार्यक्रम में लूणोल गौशाला अध्यक्ष रसिक भाई कोठारी ने गौशाला की विस्तृत जानकारी सभी कार्यकर्ताओं को दी एवं आगे भी ज्यादा से ज्यादा गौशाला में सेवा कार्य करने हेतु कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया।

सेवा कार्य में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली,भाजपा युवा मोर्चा बाडमेर जिला प्रभारी दीपेंद्र सिंह देवडा,भाजयुमो अनादरा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रजापत,किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह पिथापूरा, जिला परिषद सदस्य रामलाल गरासिया,मन की बात मंडल संयोजक धनराज राव,युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण कोली, वि म मेघवाल गुलाबगंज आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रतन देवासी के जन्मदिन पर गौशाला में सहयोग राशि दी



जालोर जिले के कूड़ा गांव रतन देवासी के समर्थकों ने गायो को गुड़ व लापसी खिलाई। फोटो-राष्ट्रदूत


रानीवाड़ा के पूर्व विधायक रतन देवासी ने जन्मदिन पर गायों को गुड़ व चारा खिलाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर/रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल और पूर्व उप मुख्य सचेतक व रानीवाड़ा के पूर्व विधायक रतन देवासी का जन्मदिन को लेकर समर्थक अलग-अलग तरीके से दो दिन तक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है। कई ऐसे लोग है जो दोनों का जन्मदिन जोरदार तरीके से मना रहे है।

इसी को लेकर सरनाऊ पंचायत समिति के पुर गांव में रतन देवासी के जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने अलग अलग गौशालाओं में जाकर गोसेवा कर रहेहै। कई लोग तो ट्रैक्टर में चारा भरकर गौशाला आ रहे हे। तो कई गुड़ और देशी दवाओं से निर्मित लड्डूओं को गौशाला लाकर गोमाता को खिला रहे है। देवासी युवा संगठन पुर ने देवासी के जन्मदिन पर जबरेश्वर गौशाला सेवा सस्था पुर में 51000 रूपए की लापसी, लड्डू, लम्पी वायरस से संक्रमित गोवंश के इलाज के लिए दवाईयां पेटे भैंट किए।

धानोल व भंवरिया के देवासी समर्थकों ने केरली नाडी गोशाला में 621 किलों गुड़ भैंट किया और कार्यकर्ताओं ने खुद गायों को गुड़ खिलाया। सांकड़ में सरपंच देवीलाल सहित युवा टीम ने गोशाला में जाकर गोसेवा कर जन्मदिन मनाया। पाल गांव में उपप्रधान महादेवाराम की टीम ने औषधियुक्त लड्डू बनाकर गौशाला में जाकर गायों को खिलाया गया। धामसीन सरपंच वचनाराम मेघवाल ने भी गौशाला में जाकर दो दिन सेवा करने का काम आज शुरू किया है।

पं. स. प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा ने भी टीम के साथ आपेश्वर गौशाला सेवाडिया में जाकर गोमाता का हरा चारा सहित गुड खिलाया।

मालवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ता मुकेश खंडेलवाल सहित उनकी टीम ने पंड़ित दीनदयाल और सांसद देवजी पटेल का जन्मदिन गायों को हरा चारा खिलाकर मनाया। उन्होंने लंपी शिविर में जाकर बीमार गोवंश की सेवा की लाभ लिया। रानीवाड़ा कलां में भी व्यापार संघ के सौजन्य से चल रहे लंपी निदान शिविर में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोसेवा कर नेताओं का जन्मदिन मनाया। जसवंतपुरा में भी उपप्रधान भैरसिंह व राणसिंह की टीम ने गौशाला में जाकर गोसेवा कर देवासी का जन्मदिन मनाया।

गौरतलब है कि कांग्रेसी नेता रतन देवासी एवं सांसद देवजी पटेल ने पूर्व में ही वीडियो जारी करने के साथ साथ व्यक्तिगत स्तर पर अपने समर्थकों को गौसेवा करने की अपील की थी। जिसके चलते आज के दिन उनके समर्थकों ने जगह-जगह गोशालाओं में पहुंचकर गौसेवा कार्य किया।

सांसद पटेल व पूर्व विधायक देवासी के जन्मदिन पर न केवल लोकसभा क्षेत्र अपितु महाराष्ट्र के मुंबई, गुजरात के अहमदाबाद तथा मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में भी समर्थकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रतन देवासी के जन्मदिन को लेकर रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्षवाड़ा एवं कूडा गांव में देवासी समाज के लोगो द्वारा चंदा राशि जमाकर करीब 1 लाख रुपए की धनराशि से गोशालाओं में पहुंचकर गोवंश को लापसी व गुड का प्रसाद ग्रहण करवाया गया।

ज्ञात रहे कि बर्थडे से पहले ही रतन देवासी एवं देवजी पटेल ने अपने समर्थकों को सार्वजनिक मंच से गौ दान एवं गौसेवा करते हुए जन्मदिन मनाने की अपील कर दी थी आज उसी के फलस्वरूप जिले की लगभग दर्जनभर गोशालाओं में विशेष तौर पर गौसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं , जिले के सांचोर एवं रानीवाड़ा में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी कड़ाई लगाकर लापसी बनाई गई जिसे गोशालाओं में पहुंचकर गोवंश को भोग लगाया गया एवं गुड व चारा खिलाते हुए सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट्स पर पोस्ट भी की गइं।

वही जसवंतपुरा के निकटवर्ती ग्राम पंचायत चाँदुर के युवाओं ने पंचायत समिति सदस्य मनोज देवासी के निर्देशानुसार पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी के जन्मदिन उपलक्ष में फेदानी ओर चाँदुर में गायों को दवाई, आयुर्वेदिक मिश्रण के लड्डू और गुड खिलाकर जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर धनराज जी भट्ट, चंदन भट्ट, भरत भट्ट,रमेश भारती, भरत भारती, दरगाराम सूथार, रूपेश पूरी, राजू देवासी,भीखाराम भील, खेतसिह चारण, विष्णु मेघवाल, पारस भील, खेताराम भील, रमेश भील, नाथाराम, हाजाराम भील, मोतीराम, सतीश, देलीलाल, हमीर भाई, चमनाराम,भरत, लक्ष्मण देवासी समेत कई युवा व ग्रामीण उपस्थित रहे।

वहीं पथमेड़ा धाम के साथ साथ जिले की कई गोशालाओं में समर्थकों ने गायों को गुड व लापसी का भोजन करवाया एवं साथ ही बीमारी से ग्रसित गोवंश का उपचार भी किया जा रहा है।